卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 336 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦13 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बोलेरो खाई में गिरने से दो की मौत, चार गंभीर

नई टिहरी(उद संवाददाता)। नरेन्द्रनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गई। खाई में गिरने से इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार तहसील नरेंद्रनगर के हिंडोलाखाल- नीरगड्डू मोटर मार्ग पर देर रात लगभग साढ़े 3 बजे बोलेरो कैंपर गाड़ी कखुर के पास खाई में गिर गई। रात के अंधेरे में गाड़ी के गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। ये गाड़ी ऋषिकेश से आगरखाल जा रही थी। इसमें एक ही परिवार के छह लोग सवार थे। कार के खाई में गिरने से इसमें सवार छह लोगों को गंभीर चोटें आई। गंभीर रुप से घायल 35 वर्षीय दिलबर पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम कोथली कुसराणी ,नरेंद्र नगर और बबलू उर्फ संजीत, पुत्र रणजीत सिंह ने एम्स में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में चार लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इसमें से कुछ को रेफर भी कर दिया गया है। घायलों में 30 वर्षीय शीला पत्नी दिलबर, 6 वर्षीय आरव पुत्र दिलबर, 4 वर्षीय शिवांशी, पुत्री दिलबर, और 26 वर्षीय सुनील, पुत्र छप्पन सिंह आदि शामिल हैं।




## सीएम से की तीर्थ नगरी में शराब का डिपार्टमेंटल स्टोर बंद करने की मांग

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने तीर्थ नगरी में खुली शराब की डिपार्टमेंटल स्टोर को लेकर मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने जन भावना व तीर्थ नगरी की धार्मिकता बनाए रखने हेतु शराब के डिपार्टमेंटल स्टोर को बंद करने का आग्रह किया। जिस पर मुख्य मंत्री धामी ने सचिव शैलेश बगोली को मामले की जानकारी जुटाकर सकारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश की पहचान तीर्थ नगरी, संत नगरी और योग नगरी के रूप में विश्व भर में की जाती है। उन्होंने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## स्वरोजगार का झांसा देकर करोड़ों रूपये की ठगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र पिछले काफी समय से अपराधों को लेकर सुर्खियों में है। यहां चोरी, सड़क दुर्घटनाएं, लूट, छेड़छाड़, ठगी, साइबर क्राइम, मारपीट, धमकी, मामूली विवाद में हथियार निकालना आदि एक सामान्य बात हो गई है। इसी क्रम को जारी रखते हुए अब एक और बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। एक शातिर व्यक्ति स्वरोजगार के नाम पर लोगों से जमा की करोड़ों की रकम समेट कर फरार हो गया। साथ ही साथ वह जाते-जाते किराए की कार और लैपटॉप भी साथ ले गया। लोगों को पता लगा तो बड़ी संख्या में लोग उसके दफ्तर पहुंच गए। लेकिन वहां ताला लगा मिलने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद लोग शिकायत लेकर मुखानी पुलिस के पास पहुंचे। बताया जाता है कि अंकुश नाम के व्यक्ति ने किराए के मकान में ऑफिस खोल युवाओं को स्वरोजगार का सपना दिखाकर करोड़ों रुपए एकत्रित कर लिया। जिसके बाद बीती 10 सितंबर की शाम अंकुश ने ऑफिस का सारा सामान समेटा और किराए की कार में लाद कर फरार हो गया। अनुमान है कि उसने दो हजार लोगों से करीब 3 (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी एसओजी अधिकारी बन 2.20 लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मादक पदार्थ के साथ पकड़े जाने के एक मामले में आरोपी को छुड़ा देने की बात कहकर एक व्यक्ति द्वारा खुद को एसओजी का विवेचक अधिकारी बताकर आरोपी के परिजनों से लाखों रुपए हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में उत्तम खान पुत्र स्व. गुच्चान खान निवासी ग्राम गोधी थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने कहा है कि एक व्यक्ति गोसिन पुत्र नन्हे खान निवासी भैसिया ज्वालापुर थाना भैसिया जिला रामपुर को स्मैक एनडीपीएस के मामले में एसओजी पुलिसकर्मी रूद्रपुर ने पकड़ लिया था। जिसने उसके भान्जेअलमारा पुत्र असलम खान निवासी अली नगर कोटा थाना बिलासपुर जिला रामपुर का धारा 29 एनडीपीएस के मामले में दिया था। जिसके बाद एक व्यक्ति जिसका नाम गुफरान जोकि अपने आप को रूद्रपुर एसओजी का विवेचक अधीकारी आसिफ हुसैन बता रहा था ने कहा कि अगर बचना चाहते हो तो उससे आकर मिलो वरना अलमास के साथ साथ घर की महिलाओ को जेल भेज दूंगा। उसकी धमकी से काफी डर गये। जिसके बाद गुफरान ने अपने साथी अलीम को उसके भान्जा के घर पर भेजा। अलीम के साथ वह भी आया था। जिसने गुफरान से मिलवाया। गुफरान 3 लाख की मांग करने लगा। उसने कहा कि मामले से अलमास का नाम निकाल देगा। उसने 2 लाख 20 हजार रूपये डरा धमकाकर ले लिए। बाद में पता लगा कि गुफरान जो अपने आप को एसओजी विवेचक अधीकारी आसिफ हुसैन बता रहा था एक आम आदमी था उसके जाल में फंस गये। गुफरान व उसके साथी अलीम निवासी दरूऊ थाना किच्छा ने पुलिस की धमकी देकर 2 लाख 20 हजार रूपये हडप लिए है। जब उनके घर पर दो तीन बार रूद्रपुर कोतवाली से पुलिस आयी तब पता लगा कि वह पुलिस वाले लोग नहीं थे। जब हमने अलीम व (शेष पृष्ठ सात पर)

## रंजिशन युवक पर झोंका फायर

किच्छा(उद संवाददाता)। पुराने झगड़े को लेकर वार्ड नंबर 6 बंडिया में कुछ लोगों द्वारा फायरिंग किए जाने से दहशत का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर प्रकरण की जांच करने में जुटी हुई है जबकि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार बंडिया निवासी मनजीत सिंह का पुत्र हरभजन सिंह बीते दिवस शाम को अपने घर के बाहर घूम रहा था। उसके साथ उसका दोस्त योगेश,राजू भी थे तभी कुछ लोगों ने हरभजन पर हमला बोल दिया। बताया जाता है कि हमलावारों ने दो फायर भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## जलभराव से निपटने के लिए रुद्रपुर में हुआ सर्वे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए कवायद शुरू हो गयी है। ड्रेनेज का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए दिल्ली की वीकेएस इन्फ्राटेक मैनेजमेंट प्रा लि कंपनी की टीम ने बुधवार को नगर निगम में मेयर रामपाल सिंह के साथ चर्चा के बाद नगर निगम और सिचाई विभाग की टीम के साथ जलभराव वाले इलाकों और शहर के आस पास की नहर और नालों का सर्वे किया। शहर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए मेयर रामपाल सिंह लगातार प्रयासरत थे उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा शहरी विकास मंत्री और शासन के अधिकारियों से भी समय समय पर रूद्रपुर को जलभराव से निजात दिलाने की मांग की थी। रामपाल सिंह के प्रयासों से रूद्रपुर में जलभराव से निजात दिलाने के लिए प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम को लेकर बुधवार को दिल्ली से वीकेएस इन्फ्राटेक मैनेजमेंट प्रा लि. कंपनी की टीम ड्रेनेज का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए सर्वे हेतु यहां पहुंची। टीम ने मेयर रामपाल सिंह के साथ नगर निगम स्थित उनके कार्यालय में देर तक शहर की स्थिति को लेकर चर्चा की। मेयर रामपाल ने टीम को दो साल पहले शहर में आई बाढ़ के बारे में पूरी जानकारी दी इसके साथ ही उन्होंने भूरारानी क्षेत्र, मॉडल कॉलोनी, गाबा चौक,काशीपुर बायपास रोड,मुख्य बाजार, ट्रांजिट कैम्प, मुखर्जी नगर, प्रेम नगर, संजय नगर, खेड़ा, गन्ना भवन समेत निचली बस्तियों में होने वाले जलभराव को लेकर भी अवगत कराया। मेयर ने शहर की भौगोलिक (शेष पृष्ठ सात पर)



## परिवार पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला,पुलिस खामोश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम अमरपुर में ईंट भट्टे पर कार्य के दौरान कुछ दबंगों ने पिता पुत्र पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल दिया । जब काम कर रही पुत्री बचाने आई तो दबंगों ने उससे अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा धमकी देते हुए चले गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। घायल बच्चों की मां ने बताया कि कोतवाली में पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने और अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की निरंतर गुहार लगा रही है लेकिन कोतवाली में उसकी कोई सुवाई नहीं हो रही है। अरुण कुमार पुत्र पहलाक निवासी भूत बंगला ने पुलिस को दी तहरीर में (शेष पृष्ठ सात पर)



# ...तो 'अठारह हजार करोड़' पचा गए उत्तराखंड के नौकरशाह?

■ अर्श

### विधानसभा पटल पर रखी गई वार्षिक लेखा रिपोर्ट में सामने आई भारी वित्तीय अनियमितताएं , राज्य वासियों की निगाहें अब मुख्यमंत्री के अगले कदम पर

रूद्रपुर। उत्तराखंड निर्माण के बाद से ही सूबे के सत्ता सिंहासन पर काबिज हुई अब तक की प्रायः सभी सरकारे राज्य में भ्रष्टाचार उन्मूलन के तमाम दावे करती चली आई हैं ,लेकिन उत्तराखंड में भ्रष्टाचार खत्म होने की बजाय दिन दूना रात चौगुना बढ़ता ही जा रहा है । राज्य में दिनों दिन प्रसार पा रहे भ्रष्टाचार के मद्देनजर ऐसा जान पड़ता है जैसे भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संकल्प रखने वाले, राज्य के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उत्तराखंड के प्रशासन तंत्र में गहरी जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार पर काबू पाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं। यद्यपि उनके द्वारा भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर त्वरित कार्यवाही की जाती है और भ्रष्टाचार के रोकथाम के लिए भरसक प्रयास भी किए जाते हैं, लेकिन सूबे के भ्रष्ट नौकरशाह भ्रष्टाचार का एक रास्ता बंद होते ही अनेक नए रास्ते निकाल लेते हैं। कदाचित यही कारण है कि राज्य में आए दिन कोई ना कोई वित्तीय गड़बड़ी सामने आती ही रहती है। मगर वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक लेखा रिपोर्ट से इस बार जो वित्तीय गड़बड़ी निकाल कर सामने आई है वह 18341 करोड़ रुपए की है। जिससे कि सरकार को 2297 करोड़ के राजस्व का सीधा-सीधा नुकसान हुआ है। विगत दिनों संपन्न हुए विधानसभा सत्र के अंतर्गत विधान सभा पटल पर रखी गई वित्तीय वर्ष 2021-22की वार्षिक लेखा रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा निगमों में सबसे ज्यादा 16,129 करोड़ की अनियमितताएं पकड़ में आई हैं। इसके अतिरिक्त जहां डोईवाला चीनी मिल के विशेष ऑडिट में 1529.98 करोड़ की वित्तीय गड़बड़ियां पकड़ में आई हैं ,वही मंडी समितियों में 409 करोड़, विश्व विद्यालयों में 134.32 करोड़, अशासकीय महाविद्यालयों में 79.68 लाख, तथा जिला खनिज फाउंडेशन में 49.49 करोड़ की वित्तीय गड़बड़ियां पाई गई हैं। इसी तरह विकास प्राधिकरणों में 12.23 करोड़, नगर निगमों में 32.40 करोड़, नगर पालिकाओं में 16. 64 करोड़, नगर पंचायतों में 20.35 करोड़, जिला पंचायतों में 2.87 करोड़, परिवहन निगम में 3.58 करोड़ की गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसके अलावा विभागों की 5377.22 करोड़ रुपये की राशि अभी तक बकाया है, जिसकी वसूली नहीं की जा सकी। इतना ही नहीं 6016. 24 करोड़ रुपये खर्च करने में ऑडिट के नियमों का भी उल्लंघन किया गया है। लेखा परीक्षण कि उपरोक्त रिपोर्ट से यह बात पूरी तरह साफ है कि सूबे की नौकरशाही राज्य के अर्थ तंत्र को भीतर ही भीतर खोखला करती जा रही है। लिहाजा अब यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि इस मसले पर राज्य के उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का अगला कदम क्या होता है? कुल मिलाकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को एक सशक्त लोकायुक्त संस्था की स्थापना में अब और अधिक विलंब नहीं करना चाहिए।



# ऊर्जा निगमों में हुई करोड़ों की अनियमितताएं

## वार्षिक लेखा रिपोर्ट में खुलासा,सरकार को 2297 करोड़ का लगायी चपत

देहरादून। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य के विभिन्न विभागों में 18,341 करोड़ की वित्तीय गड़बड़ियां सामने आई हैं। अधिकारियों की कारगुजारी से सरकार को 2297 करोड़ के राजस्व का सीधा नुकसान हुआ है। विधानसभा पटल पर रखी गई वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक लेखा रिपोर्ट से ये खुलासा हुआ है।ऊर्जा निगमों में सबसे ज्यादा 16,129 करोड़ 30 लाख की अनियमितताएं पकड़ीं गई हैं। डोईवाला चीनी मिल के विशेष ऑडिट में 1529. 98 करोड़ की वित्तीय गड़बड़ियां पकड़ में आईं। मंडी समितियों में 409 करोड़, विश्वविद्यालयों में 134.32 करोड़, अशासकीय महाविद्यालयों में 79.68 लाख, जिला खनिज फाउंडेशन में 49.49 करोड़, विकास प्राधिकरणों में 12.23 करोड़, नगर निगमों में 32.40 करोड़, नगर पालिकाओं में 16.64 करोड़, नगर पंचायतों में 20.35 करोड़, जिला पंचायतों में 2.87 करोड़, परिवहन निगम में 3.58 करोड़ की गड़बड़ियां पकड़ में आईं। विभागों ने नियम विरुद्ध कार्यों से सरकार को 2297 करोड़ का चूना लगा दिया। विभागों की 5377.22 करोड़ रुपये की राशि अभी तक बकाया है, जिसकी वसूली नहीं की गई। 6016. 24 करोड़ रुपये खर्च करने में ऑडिट के नियमों का उल्लंघन किया गया है। 4245.42 करोड़ रुपये की अन्य आपत्तियां पकड़ में आईं। 1.96 करोड़ नियम विरुद्ध खर्च किए गए। 5.92 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया। 3.58 करोड़ का ब्याज अटका। 57.27 करोड़ का गलत निवेश किया गया। 46.93 करोड़ की अधिष्ठान संबंधी गड़बड़ियां पकड़ीं गईं। 2.43 करोड़ की भंडार संबंधी अनियमितता, 36.27 करोड़ की निर्माण संबंधी अनियमितताएं, 10.64 लाख रुपये निष्प्रयोज्य सामग्री का निस्तारण न करने, 54.93 करोड़ की अनियमित खरीद, 32.18 करोड़ की प्रॉक्यूरमेंट संबंधी गड़बड़ी, 220.13 करोड़ की योजनाओं के निष्पादन से संबंधित अनियमितताएं शामिल हैं। यूपीसीएल को रुड़की-हरिद्वार में बिजली आपूर्ति से तीन साल में 704 करोड़ की चपत लगी। रुड़की में 22.09 प्रतिशत यानी 482.72 करोड़ की बिजली का नुकसान हुआ। हरिद्वार जोन में 15.51 प्रतिशत (704 करोड़) का नुकसान हुआ। इसकी मुख्य वजह बिजली चोरी मानी जा रही है। वहीं, दो वित्तीय वर्षों में बिजली आपूर्ति से यूपीसीएल को 1696.41 करोड़ की हानि हुई। वहीं, यूजेवीएनएल ने उड़ीसा में 200 मेगावाट बिजली परियोजना की जमीन खरीद के लिए 2013 में उड़ीसा इंटिग्रेटेड पावर लिमिटेड को चेक से 35 करोड़ 93 लाख का भुगतान किया लेकिन जमीन का कुछ पता नहीं। 75. 55 करोड़ ठेकेदारों व अन्य पर बकाया है। नाबार्ड से मिला 37.73 करोड़ का लोन 96 माह से बकाया है। उरेड़ा पर निगम के 29.66 करोड़, यूपीसीएल पर जीपीएफ के 41.08 करोड़ बकाया हैं। मनेरी भाली-2 परियोजना में सिंचाई विभाग के खर्च के 60.84 करोड़ आज तक नहीं दिए। पांच जल विद्युत परियोजनाओं का 128.85 करोड़ का ब्याजमुक्त ऋण आज तक सरकार को नहीं लौटाया। बिक्री योग्य बिजली पर 10 पैसा रॉयल्टी, 30 पैसा प्रति यूनिट सेस की कुल राशि 526 करोड़ 44 लाख रुपये सरकार को नहीं दिए। यूजेवीएनएल का यूपीसीएल पर एनर्जी चार्ज, सेस व रॉयल्टी का 781.65 करोड़ बकाया है। यूपीसीएल की वजह से ग्रीन एनर्जी सेस, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी की मद में राज्य सरकार को 31.03 करोड़ की हानि हुई।

# सरकारी अस्पतालों को जल्द मिलेंगे 1377 नर्सिंग अधिकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। सरकारी अस्पतालों को जल्द 1377 नर्सिंग अधिकारी मिल जाएंगे। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने वर्षवार श्रेष्ठता सूची जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम स्वास्थ्य महानिदेशालय को भेज दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय जल्द श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले इन नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्पतालों में करेगा। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक प्रो. विजय जुयाल ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशालय ने राज्य के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में महिला व पुरुष नर्सिंग अधिकारी के 1564 रिक्त पदों को भरे जाने के लिए बोर्ड को अधियाचन उपलब्ध कराया था। जिसके सापेक्ष चयन बोर्ड ने अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे। ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के उपरांत अभ्यर्थियों के सभी दस्तावेजों की जांच कर वर्षवार श्रेष्ठता सूची तैयार की गई। जिसमें कुल रिक्त पदों के सापेक्ष 1461 महिला व पुरुष नर्सिंग अधिकारियों को श्रेष्ठता सूची में चयनित किया गया। इनमें 1377 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत किया गया है, जबकि विभिन्न श्रेणी के 103 पदों पर अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण इन पदों को भविष्य के लिए अग्रसारित किया गया है। वहीं वर्षवार श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले 84 अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट याचिकाओं के क्रम में रोक दिया गया है। इस प्रकार 1564 रिक्त पदों के सापेक्ष 1377 पदों पर अंतिम श्रेष्ठता सूची जारी कर दी गई है। जिसके तहत नर्सिंग अधिकारी महिला (डिप्लोमाधारक) की संख्या 748, नर्सिंग अधिकारी महिला (डिग्रीधारक) 370, नर्सिंग अधिकारी पुरुष (डिप्लोमाधारक) 163 और नर्सिंग अधिकारी पुरुष (डिग्रीधारक) वर्ग में 96 का चयन किया गया है।

# जनसमस्याओं और कानून व्यवस्था पर उसन में उठाये सवाल: कापड़ी

खटीमा(उद एसंवाददाता)। विधानसभा सत्र से लौटने के बाद विधायक भुवन कापड़ी ने प्रेस वार्ता कर सरकार पर जन समस्याओं से मुंह मोड़ने और चर्चा से बचने के लिए विधानसभा सत्र को छोटा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार वर्ष के तीनों सत्रों में विधानसभा की कार्यवाही 60 दिन चलनी चाहिए, लेकिन गत वर्ष विधान सभा सत्र 12 दिन और बजट सत्र केवल तीन दिन चला है।



इस दौरान कापड़ी ने कहा कि सत्र में अघोषित बिजली कटौती, अतिक्रमण के नाम पर होने वाले उत्पीड़न, कृषि आपदा का मुआवजा, भर्ती और रोजगार घोटाले और कानून व्यवस्था आदि से संबंधित मुद्दों पर प्रश्न उठाए। सरकार की ओर से कई प्रश्नों पर संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया। कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सरकारी नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन इसे लोक सेवा आयोग की ओर से भर्तियों में लागू न करना एक गंभीर चूक है। सरकार की ओर से इस पर विचार कर शीघ्र संशोधन लाने की बात की है। वहां रवीश भटनागर, विनोद चंद, बॉबी राठौर, राजू सोनकर, रेखा सोनकर, राज किशोर, रशीद अंसारी, पवन ठाकुर आदि थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस का रूट लालकुआं स्टेशन तक बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। बरेली से दिल्ली के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का रूट लालकुआं तक बढ़ाने को लेकर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव संजीव कुमार सिंह ने एक ज्ञापन मण्डल रेल प्रबंधक रेखा यादव को बरेली स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव से बरेली स्थित उनके कार्यालय पर पहुंचकर



ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बरेली से दिल्ली के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का रूट लालकुआं तक बढ़ाने का आग्रह किया। संजीव कुमार सिंह ने इज्जत नगर बरेली मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव को अवगत कराया कि इंटरसिटी के लालकुआं से चलने से क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों को लाभ मिलेगा ही। साथ ही व्यापारियों को भी फायदा होगा जो अपने व्यापार के लिए हर हफ्ते दिल्ली जाते हैं। श्री सिंह ने मण्डल रेल प्रबंधक से किच्छा की पुरानी गल्ला मण्डी रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनाने के संदर्भ में भी वार्ता की। मण्डल रेल प्रबंधक ने उनके द्वारा की गई मांग पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी साथ ही शीघ्र ही क्रॉसिंग का निरीक्षण करवाने का आश्वासन दिया।

# हमलावर गुलदार को वन कर्मियों ने किया ढेर

श्रीनगर। श्रीनगर से 10 किमी दूर स्थित विकास खंड खिर्सू के ढिकाल गांव में आतंक का पर्याय बने गुलदार को ढेर कर दिया। गुलदार ने बीती पांच सितंबर को एक चार साल की बच्ची को निवाला बनाया था। इसके बाद से ही गुलदार की खोज की जा रही थी। सोमवार रात करीब सवा नौ बजे गश्त कर रही टीम पर गुलदार ने हमला कर दिया। गश्ती टीम ने आत्मरक्षा में हवाई फायरिंग की तो



गुलदार की मौत हो गई। मामले की जांच के लिए उपप्रभागीय वनाधिकारी व दो वन क्षेत्राधिकारियों की एक संयुक्त जांच समिति बनाई गई है। जिससे घटना के संबंध में अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा सके। बता दें कि दादी का हाथ पकड़कर घर के पास खड़ी एक चार साल की बच्ची को गुलदार ने मार डाला था। दादी ने बच्ची को गुलदार के जबड़े से छुड़ाने के लिए काफी देर तक संघर्ष किया। इस दौरान भीड़ को आता देखकर गुलदार बच्ची को वहीं छोड़ भाग गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद से ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। घटना की जानकारी लगने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीओ गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी लक्की शाह ने बताया कि क्षेत्र में पोखड़ा, पौड़ी व पैठाणी की तीन टीमें तैनात की गई थी। दो पिंजरे लगाए गए थे।

# चोरी के आरोपी युवक की पीट-पीटकर हत्या



केलाखेड़ा। एक युवक की कुछ लोगों ने पीट-पीटकर जान ले ली। पुलिस ने युवक के रिश्तेदार की तहरीर पर ढाबा मालिक के खिलाफ धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, ढाबा मालिक के भाई की तहरीर में चार युवकों पर चोरी का आरोप लगाया गया और युवक की मौत की वजह भागते समय वाहन की चपेट में आना बताया गया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि एनएच 74 हाईवे पर केलाखेड़ा स्थित एक ढाबे पर कुछ लोग सोमवार देर रात आए थे। ढाबे पर मौजूद लोगों ने चोरी के आरोप में मारपीट कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें सीएचसी में लाया गया जहां इलाज के दौरान बिजनौर के अफजलगढ़ निवासी अनीस की मौत हो गई। अनीस के साले सलीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उधर, ढाबा मालिक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जिला बिजनौर यूपी के ग्राम बेनीपुर कोपा निवासी दानिश, मुनेश और जसपुर निवासी रिजवान और अनीस एक वाहन से चोरी का प्रयास कर रहे थे। ढाबे पर मौजूद लोगों ने दौड़ाकर दानिश, मुनेश और रिजवान को पकड लिया। इस बीच इनका चौथा साथी हाईवे की ओर भाग और अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

# घर के अंदर खड़ी स्कूटी में घुसा कोबरा

ऋषिकेश। ऋषिकेश के श्यानपुर खदरी क्षेत्र के गली नंबर छह में एक घर के अंदर खड़ी स्कूटी में कोबरा घुस गया। स्कूटी स्टार्ट करने के दौरान कोबरा ने जब फुंकार लगाई, तो स्कूटी सवार हैरात में पड़ गया। जानकारी मिलते ही उसने वन विभाग को इसकी सूचना दी। टीम ने कोबरा को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है। श्यामपुर के खदरी में भी आज सुबह एक स्कूटी के अंदर कोबरा घुस गया। स्कूटी स्टार्ट करते ही मालिक के होश उड़ गए। टॉर्च से देखा तो स्कूटी के अगले हिस्से में सांप बैठा हुआ दिखाई दिया। वन कर्मचारी कमल राजपूत ने कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को रेस्क्यू कर पिटारे में बंद कर लिया।



# आगामी चुनाव के लिए एकजुट हों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता: कृष्णा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति में मुख्यातिथि के रूप युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कार्यकर्ताओं से अभी से लोकसभा व निकाय चुनाव के एकजुट होने निर्देश दिये। प्रभारी ने हर बूथ को मजबूती करने के लिये टीम वर्क के तौर पर कार्य करने के पदाधिकारियों को प्रेरित किया।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने प्रदेश में बढ़ते बलात्कार की घटनाओं पर राज्य के मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोलते हुये कहा प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की विफलता पर जमकर हमला बोला। विधायक सुमित हृदयेश, विधायक रवि बहुदार, आदेश चौहान ने युवाओं के साथ मजबूती से खड़े रहने की बात कही। प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान व नवनीत कौर सहप्रभारी ने आगामी कार्यक्रमो की रूप रेखा रखी। प्रदेश



अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कार्यक्रम संचालन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट, मोहन भण्डारी, हेमन्त साहू, मीमांश आर्या, प्रवीण रावत ने आगामी चुनाव व कार्यक्रमों को लेकर विचार रखे।इस मौके पर राहुल, रमन दीप, नईम, हर्षित भट्ट, मोकिन सैफी, विशाल भोजक, मनीष राणा, दीपक कुमार, निशान्त शाही, तस्लीम राजा, राधा आर्या समेत प्रदेश के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

# मैदानी जिलों में एडीज मच्छर की सक्रियता से कहर बरपा रहा डेंगू का डंक, 80 मरीज भर्ती

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शुरुआती चरण में जहां देहरादून व अन्य मैदानी जिलों में ही डेंगू की बीमारी फैलाने वाले एडीज मच्छर की सक्रियता बनी हुई थी, वहीं अब पहाड़ में भी मामले मिल रहे हैं। मंगलवार को प्रदेश में 80 और लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे अधिक हरिद्वार में 26 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई। इसके अलावा देहरादून में 23, नैनीताल में 17, पौड़ी में 10, अल्मोड़ा व चमोली में दो-दो लोगों को डेंगू का डंक लगा है। राहत इस बात की है कि डेंगू से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।राज्य में अभी तक डेंगू के कुल 1262 मामले मिल चुके हैं। जिनमें से 932 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और वर्तमान में 317 सक्रिय मरीज हैं। वहीं डेंगू से अब तक 13 लोगों की मौत भी हो चुकी है। ये सभी मौत देहरादून जनपद में हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, देहरादून में इस सीजन में अभी तक डेंगू के सर्वाधिक 705 मामले मिले चुके हैं। इसके अलावा हरिद्वार में 217, नैनीताल में 168, पौड़ी में 119, ऊधमसिंहनगर में 27, चमोली में 15, अल्मोड़ा में पांच, रुद्रप्रयाग में चार और बागेश्वर में दो मामले मिले हैं।कुल मिलाकर डेंगू का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ लगी हुई है। डेंगू मरीजों के इलाज के लिए बनाए गए आइसोलेशन वार्ड भी लगभग फुल हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार दावा कर रहे हैं कि डेंगू की रोकथाम के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए सरकारी व निजी अस्पताल प्रबंधनों को निर्देशित किया गया है। निगरानी टीम भी नियमित रूप से अस्पतालों व लैबों की जांच कर रही हैं।इसके अलावा धरातल पर भी व्यापक स्तर पर डेंगू नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीमें जगह-जगह फागिंग व लार्वानाशक दवा का छिड़काव कर रही हैं। घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके एडीज मच्छर की सक्रियता तेजी से बढ़ती जा रही है। शहर से देहात तक डेंगू का कहर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। रुड़की शहर से सटे मेहवड़ गांव में डेंगू से भाजपा नेता समेत दो की मौत हो गई। इस गांव में संदिग्ध बुखार से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, माजरी गांव में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर 33 लोगों में डेंगू की आशंका के चलते उनके सैंपल लिए हैं। करीब डेढ़ सौ लोग इस गांव में बुखार से पीड़ित हैं, जबकि 15 से अधिक लोगों का विभिन्न अस्पताल में उपचार चल रहा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कच्ची शराब के मामले में कुख्यात कंचन को फिर पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब के धंधे में कुख्यात कंचन नामक कारोबारी को एक बार फिर से पुलिस ने शिकंजे में लेकर उसके कब्जे से 32 पाउच जहरीली शराब बरामद किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े कंचन पर पूर्व में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। जयराम कारोबार के पीछे में उसकी सक्रिय गतिविधियों को देखते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में उसके खिलाफ गैंगस्टर में भी कार्यवाही की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी कंचन कानून की आंख में धूल झोंक कर टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के पास सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक अवैध कच्ची शराब की लगातार बिक्री करता बताया जा रहा है। मजे की बात तो यह है कि एक और जहां कंचन रेलवे क्रॉसिंग के पास एक चाय की दुकान पर महफूज ठिकाना बनाकर जरायम कारोबार को बखूबी अंजाम देता है वहीं दूसरी ओर रेलवे लाइन के किनारे स्थित उसके मकान से उसकी पत्नी डेली हजारों रूपयों की अवैध कच्ची शराब की खपत करती बताई जा रही है। जानकार बताते हैं कि घर की खिड़की अथवा छत से कंचन की पत्नी शराब के पाउच को बाकायदा रस्सी के सहारे नीचे उतरकर ग्राहकों को परोसने का काम कर रही है।

## आधा दर्जन शराब कारोबारी सक्रिय

काशीपुर। टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के आसपास अवैध कच्ची शराब की बिक्री करने वाले लगभग आधा दर्जन कारोबारी सक्रिय है। इसमें एक बुढ़िया भी शामिल है जो कथित तौर पर चाय की दुकान चलाती है लेकिन मुख्य रूप से इस बुढ़िया का काम कच्ची शराब की बड़े पैमाने पर खपत करना है। इसी तरह रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर शुगर फैक्ट्री के गेट पर स्थित खोखे को भी पिछले काफी समय से अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी ठिकाना बनाया गया है। खोखा संचालित करने वाला पूर्व में अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी कारोबार में पकड़ा भी जा चुका है लेकिन उसने धंधा आज तक बंद नहीं किया। जानकार बताते हैं कि टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में सर्वाधिक कच्ची शराब की खपत बोकरी नामक खोखा संचालक कर रहा है। लगभग डेढ़ माह पूर्व खोखा संचालक के खिलाफ आबकारी विभाग ने भी कार्यवाही की थी लेकिन इसके बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा।



# भूमाफियाओं व धोखाधड़ी के अपराधियों के खिलाफ 'ऑपरेशन प्रहार' से उत्तराखंड पुलिस ने कसा शिकंजा

**1471 भू-माफियाओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई**
**नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के 314 मामले दर्ज**
**किट्टी-चिटफंड-पोंजी स्कीम के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी के 302 मामलों में की गई कार्रवाई**

देहरादून(उद संवाददाता)। आम लोगों से धोखाधड़ी और ठगी करने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने ऑपरेशन 'प्रहार' की शुरुआत की है। इसके तहत जमीन धोखाधड़ी से जुड़े माफिया, ड्रग्स माफिया और अन्य मामलों में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है। अभी तक पुलिस इस अभियान के तहत एक महीने में 219 अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर चुकी है।पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि एक जनवरी 2021 को उत्तराखंड पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 2,320 मुकदमे दर्ज किये गए। इसमें से 4,222 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। जबकि 2,292 आरोपियों को आपराधिक मामलों में गिरफ्तार किया गया था। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि भूमि एवं भवन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 1471 भू-माफियाओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर शिकंजा कसा गया। इसके साथ ही 74 भू-माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया। गंभीर अपराधों जैसे रंगदारी एवं उद्यापन के 183 मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की गई। जिसमें से 30 आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के 314 मामले एवं किट्टी-चिटफंड-पोंजी स्कीम के नाम पर धोखाधडी करने वालों के खिलाफ 302 मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं परीक्षा अधिनियम के तहत 139 नकल माफियाओं पर कार्रवाई कर 74 आरोपियों पर गैंगेस्टर एक्ट लगाया गया है। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि पिछले तीन सालों में विशेष अभियानों के तहत कुल 312 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। जिसमें से कुल 175 करोड़ से अधिक मूल्य की सम्पत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत अधिग्रहित की गयी है। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया, अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। पूर्व में भी कई अभियानों के तहत बड़ी गिरफ्तारियां हुई हैं। इसी मुहिम को आगे बढ़ाया गया है। फोकस करने के लिए इसका नाम ऑपरेशन 'प्रहार' दिया गया है।



# रामचंद्र राय ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। श्रीमद् भागवत कथा व्यास एवं आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष आचार्य राम राय ने जिलाधिकारी उधमसिंहनगर को तहसीलदार सितारगंज के माध्यम से पात्र लोगों को ही इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी ज्ञापन सौंपा। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र ने ज्ञापन में कहा कि शक्तिफार्म परिक्षेत्र के प्रत्येक गांव में सरकार द्वारा आवंटित इंदिरा आवास पात्र लोगों को ही भौतिक सत्यापन के बाद दिया जाए। राम चंद्र राय ने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को वास्तविक लोगों को ही मिले किसी भी दशा में गरीबों का हक न छिन ना पाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग आवास से वंचित न रह जाएं। इंदिरा आवास योजना में सूचीबद्ध लोगों के भौतिक सत्यापन के बाद ही उनके नाम से धनराशि जारी की जाए। राम चंद्र राय ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इंदिरा आवास योजना के लाभार्थियों एवं सूचीबद्ध लोगों के नाम को चस्पा किया जाए ताकि लोगों को किसी भी दशा में भ्रमित न होना पड़े। उन्होंने कहा यदि उनके पास किसी भी प्रकार की अपात्र लोगों को इस योजना का लाभ सांठ-गांठ से होने की शिकायत आती है तो वे न्यायिक जांच करवाने के लिए पीछे नही रहेंगे।



# गार्ड की मौत के आरोपी ट्रक चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस सिडकुल क्षेत्र में ट्रैक की टक्कर से साईकिल सवार गार्ड की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने पंतनगर थाने में आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में अमित कुमार पुत्र पूरन चन्द्र निवासी जयनगर नंबर पांच नियर बायोटेक फैक्ट्री थाना दिनेशपुर ने कहा है कि उसका ममेरा भाई बाली राम फुटबॉल मैदान के सामने वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प में किराये में रहकर सिडकुल पंतनगर में स्थित कम्पनी के पारस में सिक्योरिटि गार्ड के पद पर कार्य करता था । 11 सितंबर को शाम 6:30 बजे उसका भाई रोज की तरह अपनी साईकिल पर उपरोक्त कम्पनी में काम करने के लिए घर से निकला था। तभी सिडकुल में एक कम्पनी के पास उसके भाई के पीछे से एक ट्रक संख्या टीएस 08 यू बी 4261 का चालक जो अपने वाहन को तेजी से चला रहा था उसने भाई को पीछे से टक्कर मार दी और भाई को ट्रक चालक घसीटता हुआ ले गया। जिससे भाई की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक एक खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। लमगड़ा जिला अल्मोड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली अल्मोड़ा आकर एक तहरीर दी कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पोती जो अल्मोड़ा कम्प्यूटर कोर्स के लिए आयी थी,धारानौला मल्ला ओढ़खोला के पास एक लड़के ने उसका हाथ खींचकर अपने साथ ले गया जिसके साथ उसके द्वारा गलत नियत से छेड़खानी की गई, तहरीर के आधार पर कोतवाली अल्मोड़ा में तत्काल अभियुक्त नफीस के विरुद्ध धारा 354/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये।जिस पर पुलिस टीम ने अभियुक्त नफीस पुत्र रहीस निवासी इंदिरा नगर वार्ड नं. 22, बड़ी मस्जिद के पास हल्द्वानी हाल निवासी धारौनाला अल्मोड़ा को एफआईआर पंजीकृत होने के मात्र 1 घंटे के भीतर मारुति वर्कशॉप धारानौला के पास से गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में आवश्यक कार्यवाही की गई। अभियुक्त को बिना सत्यापन किराये पर रखने वाले मकान मालिक के विरुद्ध 10,000 रुपए की कोर्ट चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हेमा कार्की, हेड कांस्टेबल आनन्द नबियाल, हिमांशु आदि थे।




# 45 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कप्तान मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, कांस्टेबल अमित देवरानी नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब जो कंधे पर कट्टा रखकर आ रहा है। पुलिस ने ग्राम खेमपुर में एक व्यक्ति आता दिखाई दिया और पुलिस को देखकर खेत की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के कंधे में रखें कट्टे की तलाशी ली तो काले रंग की रबर की ट्यूब में 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना खेमपुर निवासी नाम गुरमीत सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दफा 60 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक 16 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ओर्गेनाईजेशन जिला इकाई की एक बैठक आगामी 16 सितम्बर को नगर निगम सभागार में आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष बीएल साह एवं महासचिव एसके नैयर ने बताया कि प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होने वाली इस बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने बताया एजेन्डे में 50 प्रतिशत मासिक कटौती, चिकित्सा पर कैश लेस लागू करना, गोल्डन कार्ड की कटौती की वापसी, गोल्डन कार्ड की विसंगतियां तथा पुरानी चिकित्सा व्यवस्था के अन्तर्गत शासनादेश को पुर्नजीवित करने आदि पर विचार किया जायेगा। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की।

# पुलिस ने 80 पाउच कच्ची शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल ललित मोहन, हेका.सुभाष प्रसाद चौकी बगवाड़ा से गश्त करते हुए तीन पानी से किच्छा रोड की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर बगवाड़ा मार्केट के पीछे खुले मैदान पहुंचे जहां एक व्यक्ति कच्ची शराब बेचता दिखाई दिया। पुलिस वालों को आता देख वह कट्टे सहित तेजी से जाने लगा तो शक होने पर पुलिसकर्मियों ने घेर कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कृपाल सिंह उर्फ लालू पुत्र स्व. तेज सिंह निवासी बगवाड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 80 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर कृपाल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# भजन प्रवाहक पलविंदर पलक पहुंची गदरपुर

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नं 3 निवासी नरेश मिगलानी के निवास स्थान पर श्री श्याम जगत की सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक पलविंदर पलक (फतेहाबाद) हरियाणा के पहुचने पर श्याम प्रेमियों ने जोरदार जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। बता दें कि बाबा भक्त अंकित गगनेजा के जीजा नरेश मिगलानी के निवास पर पलविंदर पलक के पहुंचने पर गगनेजा परिवार ने खुशी जाहिर की। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा सहित श्याम प्रेमियों ने स्मृति चिन्ह देकर भजन गायिका पलविंदर पलक का स्वागत किया। पलविंदर पलक ने श्याम प्रेमियों से वार्ता करते हुए सनातन धर्म को मजबूत करने की बात कही। विगत रात्रि हुए श्री बाला जी दरबार रुद्रपुर के आयोजक संजय ठुकराल विक्की मुंजाल एवं साहिल आहूजा का विशेष धन्यवाद किया किया। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में भजन गाते हुए उन्हें बहुत आंनद आया और वह बाबा से विनती करती है कि जितने भी बाबा प्रेमी दरबार मे पहुचे है उन्ही हर मनोकामना बाबा पूरी करे।इस दौरान योगी सेना के पदाधिकारियों द्वारा भी परविंदर पलक का स्वागत किया गया। इस दौरान ऋतु अरोरा,शैलजा गगनेजा, पूजा, पूनम,नेहा पसरीचा सहित अंकुश अनेजा,समन मुंजाल,अंकित गगनेजा, निपुण गगनेजा, नरेश मिगलानी, हरीश रहलन, राजू वाधवा,अमित सेतिया, गौरव बत्रा चिराग अनेजा सहित आदि श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।



# संस्कृत प्रतियोगिता 26 व 27 सितंबर को

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा खंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 सितंबर को बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में होगा। संस्कृत छात्र प्रतियोगिता की खंड संयोजिका श्रीमती अनामिका आजाद ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में राजभाषा के रूप में संस्कृत के प्रचार प्रसार संबंधनी एवं संरक्षण के लिए उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा उत्तराखंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता हो का आयोजन 26 एवं 27 सितंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में होगा इसमें विकास खंड गदरपुर के सभी विद्यालयों के छात्रों को प्रतिभा करना अनिवार्य है संस्कृत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी अपना आवेदन प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर 23 सितंबर 2023 तक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में जमा कर दें ।

# बालाजी मेरा संकट कट गया श्री मेंहदीपुर के दरबार में

## श्री बाला जी दरबार एव श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु ,टी सीरीज भजन गायिका परविंदर पलक ने मचाई धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी में आयोजित श्री बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन में श्रद्धालु पूरी रात भजनों पर झूमते रहे। पूरी रात चली भजन संध्या में हरियाणा की मशहूर भजन गायिका परविंदर पलक ने अपने सुमधुर भजनों से हजारों भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। रुद्रपुर शहर के प्रसिद्ध भजन गायक अमर सांवरिया ने भी भजनों से धूम मचाई। विशाल दरबार एवं श्याम संकीर्तन का शुभारंभ मुख्य यजमान विजय अग्रवाल,राजेन्द्र मैनी, अति विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,मेयर रामपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, राजेंद्र तुलस्यान, बंशीधर गुंबर, संजय ठुकराल आदि ने संयुक्त रूप से ज्योत प्रज्वलित कर किया। संकीर्तन में पहुँचने पर बाबा भक्त मण्डल ने मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों को शाल ओढ़कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने आदर्श कालोनी में दूसरी बार हुए भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल सहित सभी सदस्यों की सराहना की। दरबार में भजनों की शुरुआत गुरु वंदना और गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा से हुयी इसके बाद भजन गायिका हरियाणा की मशहूर परविंदर पलक की मंच पर एंट्री हुयी उन्होंने एक के बाद एक सुंदर भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया भजनों की महफिल देर रात तक चलती रही इस दौरान परविंदर पलक ने मेरा संकट कट गया जी बालाजी के दरबार में, बालाजी से मिला तो यह कमाल हो गया मैं तो रातों रात मालामाल हो गया, ना धन दौलत में मांगू ना ही वोट बालाजी बस थारे नाम की चाहिए मने सपोर्ट बालाजी, हम देख तेरा दरबार,दीवाने हो गये, चलो मेहंदीपुर दरबार बाबा मने प्यारो लागे मने प्यारो लागे, मैं के बोलूं बालाजी तने सब बाता का फेरा से पिछले साल बड़े तारे पर अब के नंबर मेरा से, मेहंदीपुर के रण रंगी सालासर के बजरंगी दोनों भक्तों के रखवाले हैं, सेवक नहीं है हनुमान के जैसा दाता नहीं श्रीराम के जैसा, श्री राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, राम बसता मेरे में मेरा राम बसता आदि भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस में गोते लगाने को मजबूर कर दिया। इसके बाद भजन गायक अमन सांवरिया ने एक से एक भजन सुना कर पंडाल में उपस्थित भक्तों को नाचते व झूमने पर मजबूर कर दिया दरबार में सुंदर-सुंदर झांकियो का आयोजन भी किया गया वहीं देर रात भोग और आरती दरबार और सँकीर्तन का समापन हुआ। दरबार एवं संकीर्तन से पूर्व विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,विनीत जैन, बिट्टू ग्रोवर,विजय चिलाना, हिमांशु मिड्डा, अशोक मुंजाल,हरीश मुंजाल,आशीष मुंजाल,राहुल सरीन, चन्दर कटारिया, सन्नी खुराना, हरीश ठुकराल, मिंटू श्रीधर, सुनील ठुकराल, अजय चड्डा, राजन राठौर, हरीश अरोरा, राहुल,आकाश बठला, अभिषेक गुप्ता, संजय अग्रवाल, आकाश भुसरी, रामचंद्र भुड्डी,गौरव बुड्डी, मंगल सिंह ग्रोवर, , रोशन तागरा, शिवम तागरा, आशु चौधरी, अकाश मेहता,आयुष तनेजा, बंटी सहगल, भुवनेश,चीनू आहूजा, रामचंद्र आहूजा, गौतम अहूजा, मनोज मुंजाल, किशन सहगल, मानस अग्रवाल, संदीप अरोरा, नरेश गुलाटी, पवन कटारिया, पवन रंगीला, पवनदीप, राजेंद्र फुटेला, राजू गोयल, सुशील अरोड़ा, राजकुमार सीकरी, शिवकुमार गुंबर, सोनू गुंबर, सुमित सहगल, सुरेंद्र फटेला तुषार आहूजा वैभव वर्मा विशाल फुटेला, तेजस अग्रवाल, आदि मौजूद थे।







### सफल आयोजन पर बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष ने जताया आभार



रूद्रपुर। बाबा भक्त मण्डल की ओर से आदर्श कालोनी में आयोजित द्वितीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन की सफलता पर बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने सभी सहयोगियों एवं दरबार में पहुंचे भक्तों का आभार व्यक्त किया है। श्री मुंजाल ने कहा कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से आयोजन सफल हो पाया। कार्यक्रम में उम्मीद से अधिक इतनी भीड़ जुटी कि पंडाल छोड़ा पड़ गया। भजन गायिका परविंदर पलक को भी मंच से यह कहना पड़ा कि अगली बार पंडाल को और बड़ा किया जाये।इसके अलावा भंडारे में भी इस बार पहले से कहीं अधिक भीड़ जुटी। हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री मुंजाल ने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बाबा भक्त मण्डल की टीम पिछले एक महीने से जुटी थी। उन्होंने पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही आयोजन में सहयोग देने वाले सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।











# मां वैष्णो देवी दरबार की झांकी देखने उमड़ा भक्तों का सैलाब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिव शक्ति मंदिर आवास विकास में श्री शिव शक्ति मंदिर सभा एवं युवा मंच द्वारा श्री माता वैष्णो देवी की झांकी के अंतिम दिवस का उद्घघाटन वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमनाथ ढल्ला और पूर्व मंत्री किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के परिवार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर और युवा अध्यक्ष अमित अरोरा बॉबी अपनी पूरी टीम के साथ आए साथ ही बद्री केदार सेवा मंडल के सभी सदस्य और अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष सुनील ठुकराल ने अपने परिवार और अपनी पूरी टीम के साथ रहकर माता का आशीर्वाद लिया।सभी अतिथियों को मंदिर सभा के अध्यक्ष पवन वर्मा और युवा मंच के अध्यक्ष गगन दुनेजा द्वारा सभी को कटरा से लेकर गुफा तक यात्रा करवाई गई। सभी ने गुफा में प्रवेश कर माता का आशीर्वाद लिया। माता के चरणों में नमन किया और फिर आगे की यात्रा करते हुए भैरव जी के दर्शन कर यात्रा पूर्ण की।अपने संबोधन में समाज सेवी प्रेमनाथ ढल्ला ने कहा कि यहां आकर ऐसा लग रहा है की माता वैष्णो दरबार की यात्रा हम जम्मू कश्मीर आ गए हैं दरबार की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा युवा मंच द्वारा जो प्रयास किया गया है इससे हमारे समाज को ताकत मिलती है और हिंदू समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का आवास विकास श्री शिव शक्ति मंदिर सभा और श्री शिव शक्ति युवा मंच ने बीड़ा उठाया है और यह बहुत ही सराहनीय है। श्री बेहड़ ने कहा कि युवा मंच द्वारा जो प्रयास किया गया है लोगों को माता वैष्णो दरबार के दर्शन करने का वह बहुत ही सराहनीय है ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एक जागरूकता मिलती है। इसमौके पर सभा के महामंत्री अभय गोयल, युवा मंच के सरपरस्त विकास भल्ला, सौरभ राज बेहड़, अमित वर्मा, राजेश कामरा, नितिन वर्मा, सत्यम अरोड़ा, संजीव छाबड़ा, करन आनंद, मानस दुनेजा, गौतम बत्रा, साहिल बत्रा, पारस अरोड़ा, हर्षित पसरीचा, सुमित वार्ष्णेय, तेजस गाबा, रवि अग्रवाल, सुमित अरोड़ा, चिराग भटेजा, आशीष सुखीजा, डॉक्टर गौतम, विकास वर्मा, अनंत बिश्नोई, कुणाल खुराना, संप्रीत गोलू, महंत श्री आनंद कुमार, देवेंद्र कुमार और अनिल कुमार बिल्ला आदि मौजूद थे।



# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा : धामी

## निवेशकों को आमंत्रित करने अधिकारियों की टीम के साथ सीएम धामी जाएंगे लंदन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए आवासीय परियोजनाओं एवं अन्य विषयों पर रियल एस्टेट इन्वेस्टर के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिसम्बर में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार अगले 25 सालों के रोडमैप को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए उद्योगों के हित में 27 नई नीतियां बनाई गई हैं। सिंगल विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाया जा रहा है। नीतियों के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने भी विचार रखे। इस अवसर पर रेरा के अध्यक्ष श्री रबिन्द्र पंवार, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री एस.एन. पाण्डेय, उपाध्यक्ष एमडीडीए श्री बंशीधर तिवारी भी उपस्थित थे। उत्तराखंड में दिसंबर में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए सीएम धामी लंदन जाएंगे। लंदन में 25 से 28 सितंबर तक पहला रोड शो होगा। सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, डीजी इंडस्ट्री रोहित मीणा डीजी सूचना बंशीधर तिवारी भी सीएम धामी के साथ लंदन जाएंगे। जानकारी के अनुसार, 16 से 20 अक्तूबर तक दुबई और आबूधाबी में भी रोड शो होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए प्रदेश सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। इसे हासिल करने के लिए समिट से पहले लगभग 25 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पहाड़ों में रोजगार के साधन बढ़ने से पलायन भी रुकेगा। देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए निवेशकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में निवेशक बैठक में शामिल हुए। निवेशकों ने कहा, सरकार का प्रयास सराहनीय है। इससे निवेशकों को उपयुक्त माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि समिट से सिंगल विंडो सिस्टम प्रभावी होगा और समस्याओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतियों में बदलाव किया है। जिन नियम और कानूनों का प्रयोग नहीं हो रहा था, उनको समाप्त करने का काम सरकार कर रही है। निवेश के क्षेत्र में जो भी समस्याएं आएंगी उनको 100 फीसदी निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें अभी से तैयार रहना होगा।









# धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण की छठी का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में श्री हनुमान मंदिर, बजरंग विहार सोसायटी, फुलसुंगी में आयोजित श्रीकृष्ण जन्म छटी महोत्सव के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्री हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और भजन संध्या में



प्रतिभाग किया,और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक दशरथ पांडे सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा श्रीमती शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, और पूर्व प्रधान रणजीत सिंह का पीत वस्त्र डालकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया स कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जल भराव की समस्या से निजात के लिए बनायें प्रभावी कार्य योजना: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद के काशीपुर, रूद्रपुर, सितारगंज तथा खटीमा में जल भराव की समस्या से निजात हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में चारों शहरों के जीआईएस आधारित ड्रैनेज मास्टर प्लान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जीआईएस आधारित मास्टर प्लान एवं डीपीआर शुद्ध व सटीक हो, इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी सम्पर्क करते हुए जल भराव के सम्बन्ध में जानकारियां व सुझाव प्राप्त किये जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शहरों में बढ़ती आबादी तथा शहरीकरण को देखते हुए एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए डीपीआर तैयार की जाये। जिलाधिकारी ने वर्षा, शहरों के कैचमेंट एरिया, शहरों के तेजी से विस्तारीकरण आदि विषयों पर भी गहनता से अध्ययन करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जीआईएस आधारित डीपीआर तैयार कराने हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नजूल जय भारत सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया। बैठक में वीकेएस इन्फ्राटैक मैनेजमेंट लिमिटेड के कन्सलटेंट ने बताया कि सिटी प्रोफाइलिंग, शहरी डाटाबेस निर्माण हेतु महत्वपूर्ण डाटा एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लानिंग एरिया के अन्तर्गत रूद्रपुर में 55.22 वर्ग किलो मीटर, खटीमा में 16 वर्ग किमी, सितारगंज में 4 वर्ग किमी, काशीपुर 39.62 वर्ग किमी एरिया को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जीआईएस बैस्ड ड्रेनेज मास्टर प्लान 14 मार्च 2024 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 22 बिन्दुओं पर डाटा की आवश्यकता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नजूल जय भारत सिंह, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता पीसी पाण्डे, अजय कुमार, सुशील कुमार, कन्सलटेन्ट डॉ.डीके सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल ने जीते स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में चंदौसी, सम्भल में आयोजित मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल के छात्र व छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए तीन स्वर्ण पदक, दो रजत पदक एवं एक कांस्य पदक अर्जित किए। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में किरनदीप कौर व गुरलीन कौर, सब जूनियर बालिका वर्ग में परिधि शर्मा ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। इनका चयन 18 से 21 सितम्बर 2023 को अयोध्या में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसके अलावा जूनियर बालक वर्ग में मोहम्मद आरिश व रजत यादव ने रजत पदक तथा गुरकरन सिंह ने काँस्य पदक अर्जित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने बताया कि यह हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। कराटे के अलावा हमारे विद्यालय के छात्र व छात्राएं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ पढ़ाई में भी अग्रसर हैं। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, फिजिकल एजूकेशन -सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने कराटे कोच अशोक सिंह व विजेता छात्र व छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



# बस्तियों में जलभराव से निजात दिलाने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की कई बस्तियों में हो रहे जलभराव को लेकर महानगर कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की। प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाने वाला रूद्रपुर शहर भारी अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में पिछले कई वर्षों से यहां हजारों लोगों को बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ता हैं। ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने में स्थानीय नगर निगम प्रशासन पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। पिछले कई वर्षों से मेयर बार बार जनता से वायदा करते हैं कि जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाया जायेगा लेकिन जलभराव की स्थिति आज भी पहले की तरह है। मेयर और नगर निगम प्रशासन हर मोर्चे पर विफल साबित हो रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल है, ड्रेनेज सिस्टम नहीं है। नजूल भूमि की समस्या का भी समाधान नहीं हुआ है। साथ ही रूद्रपुर में कूड़े का पहाड़ आज भी जस का तस खड़ा है। मेयर इन समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी लोगों को बारिश के कारण अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा रहा है। लोग सार्वजनिक भवनों ओर धर्मशालाओं में शरण लेने के लिए मजबूर हैं। जलभराव के कारण बेघर हुए लोगों को भूखे प्यासे जीवन यापन करना पड़ रहा है। हर बार बस्तियों में बाढ़ के हालात पैदा होने पर प्रशासन इन बस्तियों को खाली कराता है लेकिन इसका स्थाई समाधान का रास्ता अभी तक नहीं निकाला गया है। जिला मुख्यालय रुद्रपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार है। आश्वासन देकर जनता के साथ वर्षों से सिर्फ धोखा किया जा रहा है। सांसद आये दिन यहां दौरे करते हैं लेकिन उन्होंने भी जलभराव की गंभीर समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की है। विधायक की स्थिति भी ठीक ऐसी है, रूद्रपुर विधानसभा सीट पर पिछले करीब 11 साल से भाजपा का विधायक है। वर्तमान विधायक शिव अरोरा ने चुनाव से पहले ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने के लिए वायदे जनता से किये थे लेकिन अभी तक उन्होंने भी इस समस्या का समाधान नहीं निकाला है। ज्ञापन में रूद्रपुर शहर में जलभराव की सस्या के स्थाई समाधान और रूद्रपुर वासियों को कूड़े के पहाड़ से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की गयी।



# एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड गदरपुर विकास खंड स्तरीय विकास की रणनीति बनाने हेतु एकदिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया चिंतन शिवर में संबंधित विभागों के द्वारा विभिन्न मानकों के 39 संकेतको का स्वॉट विश्लेषण करते हुए उनकी चुनौतियां व उनके निदान की रणनीति पर मंथन किया गया चिंतन शिवर की अध्यक्षता विकास खंड अधिकारी शेखर जोशी द्वारा की गई शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एम एस जांगपांगी, खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पांडे, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रवि शंकर झा, बाल विकास परियोजना अधिकारी वीणा भंडारी, मिशन प्रबंधक मोहम्मद रिजवान, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तौफीक मियां, सहायक अध्यापक अमरजीत बजाज, डिस्ट्रिक बीड़ परामल फाउंडेशन आशीष भटनागर ,कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, बी टी एफ देवदत्त राम आदि मौजूद थे शिविर का संचालन उप कार्यक्रम अधिकारी अमित मेहरा ने किया।



# पुलिस कर्मियों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली को सीओ अल्मोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रघुनाथ सिटी मॉल से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए टैक्सी स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुई। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु के निर्देश पर अल्मोड़ा ट्रैफिक पुलिस व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सीओ यातायात विमल प्रसाद ने रघुनाथ सिटी मॉल से बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन नगर के टैक्सी स्टैंड पर हुआ। रैली में अल्मोड़ा पुलिस के जवानों द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए बैनर, पोस्टर व पंपलेटों के साथ ऊर्जावान स्लोगनों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुककर यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। सीओ अल्मोड़ा यातायात द्वारा टैक्सी स्टैंड पर मौजूद वाहन चालकों व जनता को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए शराब पीकर वाहन न चलाने वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनने, वाहन में हमेशा निर्धारित सवारी बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने आदि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के उल्लंघन पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वाहन चालक पर होने वाली चालानी कार्यवाही की जानकारी देकर जागरूक किया गया। बाइक रैली में यातायात निरीक्षक गणेश सिंह हरड़िया, टीएसआई अयूब अली सहित अल्मोड़ा पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वार्लेटियर मौजूद रहे।



# मोस्टमानू मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी 19 सितंबर से 24 सितंबर तक जनपद के मोस्टमानू में आयोजित होने जा रहे 6 दिवसीय मोस्टमानू मेले की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी ने मेला समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। जिसमें उन्होंने मेले की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीडीओ वरुण चौधरी को निर्देश दिये कि मेले में विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जायें ताकि मेले में आने वाले लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सके। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों को मेला अवधि से पूर्व चण्डाक से लेकर मोस्टमानू तक सड़क मार्ग के गड्ढे भरान करने के निर्देश दिये।उन्होंने मेला अवधि के दौरान जल संस्थान को प्रतिदिन दो टैंकर पेयजल की व्यवस्था करने के साथ ही पेयजल नलों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने, पुलिस विभाग को ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, नगर पालिका पिथौरागढ़ को मेला स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, मेला समिति को मेला स्थल पर सुव्यवस्था बनाये रखने व पुलिस को सहयोग प्रदान करने हेतु वॉलिंटियर्स तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला समिति के सदस्यों को निर्देश दिये कि मोस्टमानू मेले को इको फ्रेंडली ग्रीन मेले के रूप में आयोजित किया जाये। मेला समिति के अध्यक्ष भगवान बिष्ट ने बताया कि मेले में कलश यात्रा, डोला उठाई व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया, उप जिलाधिकारी अनिल शुक्ला, उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, ईओ नगर पालिका परिषद राजदेव जायसी, सीओ नरेन्द्र पंत आदि उपस्थित थे।



# छात्रवृति के लिए खिलाड़ियों की जनपदीय चयन प्रक्रिया आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय देहरादून के सौजन्य एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के 14 वर्ष से 23 वर्ष के खिलाडियों को छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने हेतु जनपद स्तर पर होने वाली चयन प्रक्रिया का आयोजन आज 13 से 16 सितम्बर तक श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारम्भ जिला खेल कार्यालय में मुख्य अतिथि जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी (नूजल / प्रशासन ) ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभार्शीष वचन दिये गये तथा खिलाड़ियों को खेल अनुशासन बनाये रखने एवं खेल के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीएस रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी तथा रमन सिंह मान, अन्तर्राष्ट्रीय जैवलिन खिलाड़ी थे। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मण सिंह टाकुली, खेल समन्वय थे। कार्यक्रम में गिरीश कुमार जिला क्रड़ाधिकारी, सहायक प्रशिक्षक सुरेश बिष्ट, मोहित, रघुवीर सिंह, हरीश राम, सतनाम बाला खेल इण्डिया प्रशिक्षक, समस्त कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षक प्रशिक्षिका श्रीमती सुधा जोशी, श्रीमती ममता बोहरा, श्रीमती शशी देवी, धीरज जोशी, अनिल कुमार, महेन्द्र कुमार, गोपाल राम, चम्पा एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं से आये हुये शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।अंत में जिला क्रीड़ाधिकारी गिरीश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं समस्त खिलाड़ियों एवं का आभार व्यक्त किया।



# डीएम ने एक हफ्ते में ऑपरेशन थियेटर शुरू करने के दिए निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज बेस अस्पताल परिसर पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के बेहतर सुदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रिंसिपल सीपी भैंसोड़ा तथा कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी अवशेष कार्यों एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए एक सप्ताह में ऑपरेशन थिएटर को संचालित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बेस अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर के चालू न होने के कारणों का स्वयं अवलोकन किया। जिसमे सेंट्रल एसी के लगातार संचालित होने में आ रही समस्या, फॉल सीलिंग की समस्या, भवन की छत के ड्रेनेज की समस्या आदि का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि आगामी 3 दिनों में सभी कमियों को ठीक कर लिया जाए। साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने ऑपरेशन थिएटर में स्क्रबिंग एरिया के संचालित न होने की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्क्रबिंग एवं वॉशिंग एरिया को सुचारू करने के लिए आज से ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। इस दौरान कार्यदाई संस्था के इंजीनियर केके जोशी समेत डॉक्टर्स तथा अन्य उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**परिवार पर दबंगों ने किया...**बताया कि वह व उसके पिता पहलाक काशीपुर रोड ग्राम अमरपुर में ईटो भट्टे पर काम करते हैं। 12 सितंबर की शाम 7 बजे जब वह व उसके पिता भटटे पर काम कर रहे थे। तभी एक ठेकेदार जोकि उस भटटे पर ठेकेदार है लेबर लेकर भटटे पर आता है।ठेकेदार, उसकी लेवर तथा ठेकेदार का लड़का नल के पानी के को लेकर उसके पिता पहलाक से गाली गलौच कर मारने लगे। वह अपने पिता को बचाने गया तो उसके ठेकेदार के लड़के ने उसके सर पर ईट मारकर सर फाड़ दिया। उसकी बहन बचाने आयी तो उसके कपडे फाड़ दिये उसको भी मारा। उसके बाद उक्त लोगो ने उसे, उसके पिता व बहन को लाठी डन्डो से मारा पीटा। सभी बडी मुश्किल से जान बचाकर भागे। वरना उक्त लोग जान से मार देते। हमलावर धमकी दे रहे कि दोबारा मिलोगे तो जान से मार देगे। मामले की तहरीर लेकर घायल बच्चों की साथ लेकर उनकी मां कोतवाली पहुंची। उसका कहना था कि कई घंटे से यहां गुहार लगा रही हूं लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**रंजिशन युवक पर** ..किये। चर्चा है कि पुलिस ने फायर में इस्तेमाल खोखे बरामद कर लिये हैं। बताया जाता है कि उक्त युवकों में पूर्व से ही झगड़ा चला आ रहा है। झगड़े की शुरुआत स्थानीय शुगर फैक्ट्री में स्थित क्रिकेट पिच को लेकर हुई थी, जिसमें एक पक्ष द्वारा पिच में थार गाड़ी चलाने को लेकर झगड़ा हुआ था। बाद में लोगों के द्वारा समझाने पर पिच को सही कर दिया गया था। इस दौरान भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी इसी प्रकरण को लेकर दूसरे पक्ष द्वारा मुकेश नामक युवक से 23 जुलाई को मारपीट की गई थी। जिसमें कई लोग नामजद किए गए थे जो जमानत कराकर बाहर आ गए है। इसी प्रकरण में गत रात्रि एक पक्ष के लोगों ने हरभजन सिंह के घर के पास जाकर उस पर हमला बोल दिया तथा उसकी पिटाई कर दी और फायरिंग कर दी जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा सूचना पर हमलावरों के परिजनों को स्थानिक कोतवाली में बैठाया हुआ है ।जबकि पीड़ित पक्ष ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। बाहर हाल पुलिस मामले की सीसी फुटेज के माध्यम से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**सीएम से की तीर्थनगरी में...**देश ही नहीं विदेशों से भी यहां तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि संत नगरी होने के नाते यहां साधु संतों का निवास स्थल है जो धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग नगरी होने के चलते यहां युवाओं का जमघाट योग की विभिन्न मुद्राओं के प्रशिक्षण के लिए लगा रहता है। डॉ अग्रवाल ने मुख्यमंत्री धामी को बताया कि ऋषिकेश एक शांतप्रिय स्थल है। ऐसे में यहां शराब की डिपार्टमेंटल स्टोर का खुलना इसके अस्तित्व को कमजोर करने जैसा है। इन दुकानों के खुलने से श्रद्धालुओं और संत समाज में गलत संदेश जा रहा है। डॉ अग्रवाल ने धामी को अवगत कराया कि इन शराब के डिपार्टमेंटल स्टोर के खुलने से लगातार तीर्थ नगरी की जनता में रोष है। जहां महिलाएं इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं तो वहीं युवा और संत समाज भी इसके पक्ष में नहीं है। डॉ अग्रवाल ने मुख्यमंत्री धामी से दुकानों को बंद करने पर विचार करने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन भावना व लगातार हो रहे विरोध को लेकर सचिव शैलेश बगोली को संपूर्ण जानकारी लेकर सकारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**जलभराव से निपटने के लिये लिए...** स्थिति के सम्बंध में भी टीम को पूरी जानकारी दी और ड्रेनेज सिस्टम का मास्टर प्लान दूरगामी सोच के साथ बनाने को कहा। टीम ने शहर के बीच से गुजरने वाली नदियों के साथ ही बड़े नालों आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद टीम ने मेयर और नगर निगम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ भूरारानी रोड, सिलेंडर नहर,गावा चौक, मुख्य बाजार, कल्याणी नदी समेत कई स्थानों का सर्वे किया और ड्रेनेज सिस्टम के लिए सर्वे रिपोर्ट तैयार की। मेयर रामपाल ने बताया कि रूद्रपुर के बहुप्रतीक्षित ड्रेनेज सिस्टम की कवायद शुरू हो गयी है। फिलहाल प्रारंभिक सर्वे किया गया है। भविष्य में फिर से सर्वे किया जायेगा। इसके बाद पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपी जायेगी। जिसके बाद ड्रेनेज सिस्टम धरातल पर उतारने के लिए काम किया जायेगा । इस अवसर पर वीकेएस इंफो ट्रैक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सलाहकार डॉ डीके सिंह, सहायक अभियन्ता विजय पाल सिंह, सिंचाई विभाग जेई पंचदेव,सुरेश कुमार, जसवीर सिंह, सुनील ठुकराल, मनोज मदान सहित कई लोग मौजूद रहे।।

**फर्जी एसओजी अधिकारी ...**गुफरान से अपने पैसे वापस मागे तो अलीम और गुफरान हमे धमकी दी कि जान से मार देगे या झूठे मुकदमा लगाकर पूरे परिवार को जेल भिजवा देगें। मेरी पुलिस में काफी उपर तक पकड़ है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्वरोजगार का झांसा** ..करोड़ रुपये जुटा लिए थे। मुखानी थानाध्यक्ष रमेश बोरा का कहना है कि मामले की जांच की शुरू कर दी गई। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने निकाली पोषण जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा आज जिला मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई जो कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होकर गुजरते हुए गांधी मैदान में सम्पन्न हुई। रैली को जिलाधिकारी उदयराज सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए पोषण रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आईसीडीएस विभाग से सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से 400 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिकाएं एवं आशा कार्यकर्ती विद्यालय से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला की 50 छात्राएं, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 30 एनसीसी की छात्राएं एवं ब्रिटानिया कंपनी से एचआर ऑफिसर मौजूद रहे। रैली कलैक्ट्रेट से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से डीडी चौक, काशीपुर बायपास रोड, अग्रसेन चौक होते हुए गांधी पार्क पहुंचकर समाप्त हुई। जहां रैली में भागीदार सभी लोगों को जलपान की व्यवस्था ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के द्वारा की गई। रैली का उद्देश्य लोगों में मिलेट्स एवं स्थानीय भोज्य पदार्थ की जागरूकता को फैलाना रहा। जिससे लोग स्थानीय भोज्य पदार्थों को अपने खाने में शामिल करें। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन से डीपीओ मोहित सक्सेना एवं उनकी टीम से सुप्रिया पाठक, सुनीता गोस्वामी, अनुज सिन्हा, दीपा नयाल, निष्ठा सक्सेना, पूनम देवी, श्वेता सेठिया, एवं दीपा भंडारी उपस्थित रहे।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गंदगी से बजबजाते शहर में बढ़ा संक्रामक बीमारियों का खतरा

## कूड़े के ढेर में मुंह मार रहे हैं आवारा जानवर, शेखी बघारने में मस्त है निगम प्रशासन

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। मानसून की आखिरी बारिश लगभग खत्म होने के कगार पर है ऐसे में जल जमाव का व्यापक दंश झेल चुके पौराणिक शहर काशीपुर में जगह–जगह पसरी बेतरतीब गंदगी के कारण संक्रमक बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। डेंगू मलेरिया व टाइफाइड के रोगियों की तादाद लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निगम प्रशासन साफ सफाई व दवाओं के छिड़काव को लेकर गंभीर नहीं है। ज्ञातव्य है कि बरसात से पूर्व नाले नालियों के तली झाड़ की भली प्रकार सफाई न करने के कारण काशीपुर शहर एक बार फिर से जलभराव के कारण पूरी तरह प्रभावित रहा। हल्की सी बरसात में मेन मार्केट स्टेशन रोड समेत नगर के दर्जनों मोहल्लों में लगातार जल भराव होता रहा। जल जमाव के कारण जहां यातायात प्रभावित रहा वहीं व्यापारियों को एक बार फिर से लाखों के नुकसान का सामना करना पड़ा। बरसात का मौसम अब लगभग खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में नगर के दर्जनों उन स्थानों पर जहां बारंबार जल जमाव हुए ऐसी जगह पर गंदगी के कारण स्थिति बेहद नारकीय हो चुकी है। चोक नाले नालियों से सड़ांध आने के कारण मार्ग से होकर गुजरना दुश्वार है। रामनगर रोड, बाजपुर रोड, स्टेशन रोड, मुरादाबाद रोड समेत मेन मार्केट, रतन रोड, आदि शहर के महत्वपूर्ण स्थान ऐसे हैं जहां कूड़े के ढेर में आवारा पशुओं को मुंह मारते हुए कभी भी खुली आंख देखा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर कटोराताल, डॉक्टर लाइन, अल्ली खां, काली बस्ती, लक्ष्मीपुर पट्टी, मजरा रोड, कवि नगर, वैशाली कॉलोनी समेत कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के तमाम इलाके ऐसे हैं जहां जल भराव की भिभीषिका झेलने के बाद लोगों को अब मच्छरों के प्रकोप के कारण गंभीर संक्रमक बीमारियों का खतरा सताने लगा है।



# गड्ढे में गिरकर बाईक सवार शिक्षक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी रोड़ पर पिछले कई महीनों से हुआ गड्ढा प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण घर के इकलौते चिराग बाईक सवार शिक्षक की मौत का सबब बन गया। बूढ़े मां– बाप के इकलौते लाल को गड्ढा लील गया। घटना के बाद लोगों के बढ़ते रोष को देखते हुए अधिकारियों ने आनन फानन में उसे मिट्टी और गिट्टी से भर दिया। जानकारी के अनुसार आदर्श कालोनी लोहरियासाल मल्ला निवासी चंद्रशेखर पंत बीएसएफ से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर हैं। घर में उनकी पत्नी देवकी व 34 वर्षीय बेटा संजीव कुमार पंत थे। दो बेटियों की वह पूर्व में शादी कर चुके हैं। संजीव स्थानीय हरगोविंद सुयाल स्कूल में सामाजिक विज्ञान के अध्यापक थे और प्राइवेट ट्यूशन भी पढ़ाते थे। बताया जाता है कि वह ट्यूशन पढ़ा कर बाइक से घर लौट रहे थे। वह अभी ऊंचापुल स्थित व्हाइट हॉल स्कूल के पास पहुंचे थे कि तभी हाईवे पर बने बड़े गड्ढे की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में संजीव सिर के बल सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में 108 एंबुलेंस की मदद से एसटीएच पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सांसद भट्ट से की प्रयागराज तक रेल चलवाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जायसवाल समाज के नगर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल के नेतृत्व में जायसवाल समाज का एक शिष्टमंडल सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्रीमान अजय भट्ट से मिला। शिष्टमंडल ने एक ज्ञापन सांसद भट्ट को सौपकर उनसे काठगोदाम से प्रयागराज इलाहाबाद तक के लिए एक नई ट्रेन की मांग की। इस दौरान युवा जायसवाल समाज अध्यक्ष विनोदजायसवाल ने बताया कि यहां पर बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग रहते हैं जिसमें जायसवाल, साहू, कसरवानी, अग्रहरि आदि बहुत अधिक संख्या में नैनीताल उधम सिंह नगर में निवास करते हैं। यहां से कोई सीधी ट्रेन ना होने के कारण सभी लोगों को समय की बर्बादी एवं परेशानी होती है। काठगोदाम से प्रयागराज के लिए यथाशीघ्र एक ट्रेन की बहुत जरूरत है। सांसद भट्ट ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वार्ष्णेय से मुलाकात कर इस विषय में बात करेंगे। इस अवसर पर जयसवाल समाज के महामंत्री कन्हैयालाल जायसवाल, महिला अध्यक्ष बीनू जायसवाल, आशुतोष, शुभम, नितेश जायसवाल, सुदेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल आदि मौजूद थे।



# एसएसपी ने गणेश महोत्सव आयोजकों को दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री गणेश महोत्सव तथा मूर्ति विसर्जन कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी ने बैठक आयोजित कर उन्हें सख्त निर्देश देते हुए उनका पालन करने को कहा।पंकज भट्ट ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी श्री गणेश महोत्सव तथा मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत कोतवाली मीटिंग हॉल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर में श्री गणेश महोत्सव का कार्यक्रम एवं मूर्ति विसर्जन आयोजन कर्ताओं के साथ सर्व सहमति से कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श एवं सहमति बनी। एसएसपी ने कहा कि किसी भी जुलूस में मोटर साइकिल का प्रयोग नहीं किया जायेगा। जुलूस में शामिल किसी भी व्यक्ति द्वारा नशे का सेवन नहीं किया जायेगा इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आयोजन कर्ता की होगी। मूर्ति विसर्जन जुलूस में अनावश्यक वाहन नहीं होगे । बरेली रोड से श्री गणेश महोत्सव मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले वाहन (डीजे) तिकोनिया तक ही रहेगे। मुखानी से श्री गणेश महोत्सव मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले वाहन (डीजे) पनचक्की तक ही रहेगे। नवाबी रोड़ से श्री गणेश महोत्सव मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले वाहन (डीजे) कुल्यालपुरा चौराहा तक ही रहेगे। आवास विकास बैलाजली लॉज से श्री गणेश मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले वाहन (डीजे) कॉलटेक्स तक ही रहेगे। डीजे वाहनों को चिन्हित किये गये स्थानों पर छोडकर मूर्ति विसर्जन वाहन शीलता घाट से पहले रोककर मात्र एक वाहन जिसमें मूर्ति रखें वाहन शीतला घाट तक जायेंगे। घाट में मात्र मूर्ति विसर्जन किया जायेगा एवं स्नान नहीं किया जायेगा। जुलूस में यातायात संचालन के लिए आयोजन कर्ता स्वंय वोलेटियर्स स्वयं सेवी नियुक्त करेंगे। गोष्ठी में डॉ. जगदीश चंद्र पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात, हरबन्स सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, भूपेन्द्र सिंह धौनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी, हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम व थाना हल्द्वानी काठगोदाम के समस्त चौकी प्रभारी मौजूद रहे।






